RNI : RAJHIN13216/2005

शुभ होली

दैनिक

# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 अंकः 226 पेजः 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, सोमवार 6 मार्च, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

**सम्पादकीय**

## हैप्पी होली : रंग और उमंग का त्योहार 'होली'

*रंगोत्सव को विशेष पालना के साथ मनाएं*

नमस्कार पाठकों, सबसे पहले आप सभी को रंगोत्सव के पावन पर्व होली और घुलंडी की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। रंग और उमंग का त्यौहार होली हम सब पर मिलकर जरूर मनाएं। होली का त्यौहार हर बार कुछ सतरंगी अहसासों को साथ लाता है। यही रंग हमें जीवन और मानवीय रंगों की ओर मोड़ देते हैं। भारतीय जीवन शैली में जीवन इंद्रधनुष के सात रंगों से सजा रहता है हमारे यहां रंग रीति-रिवाज के वाहक भी है और भावनाओं को उकेरने वाले माध्यम भी। होली भारत में किसी भी जाति, धर्म या क्षेत्र विशेष का पर्व नहीं है इसकी पहचान देश की संस्कृति के रूप में है। बात करे रंग लगाने कि तो पानी की घटती मात्रा को मद्देनजर रखते हुए अनावश्यक बहाव से बचाव के साथ गुलाल वाली होली मनाएं। होली के रंग अपने आप में बहुत खास और सुखदाई होते हैं। हर रंग के अपने मायने हैं। इन रंगों की दुनिया बड़ी लुभावनी और सुहावनी होती है। प्रत्येक रंग अपने अर्थ और महत्व को उजागर करता है। इन रंगों का मनुष्य के शरीर से ही नहीं, उसकी मनःस्थिति से भी गहरा रिश्ता है। वे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर अपना प्रभाव डालते हैं। एक-दूसरे को रंग, प्रेम और उल्लास में डूबोने वाला यह त्योहार इस बार भी मौसमी बीमारियों के भय के साये में मनाया जाएगा। होली का त्योहार अगर रंगों से न खेला, तो क्या खेला। अब इस लेख में बस इतना ही एक बार फिर हमारे सभी पाठकों, विज्ञापन दाताओं और शुभचिंतकों को होली के पर की हार्दिक शुभकामनाएं।




प्रमोद कुमार शर्मा
संपादक
सितारा न्यूज नेटवर्क

### ।।अवकाश की सूचना।।

रंगों के शुभ दिवस होली महापर्व की सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस महापर्व पर 06 मार्च और 07 मार्च को सितारा न्यूज नेटवर्क कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 9 मार्च को प्रकाशित होगा।

## नेवी ने जहाज से किया ब्रह्मोस का परीक्षण

**अरब सागर में मिसाइल ने सटीक निशाना मारा दो महीने पहले सुखोई से परीक्षण हुआ था**



गरीबो का सितारा

**नई दिल्ली।** इंडियन नेवी ने अरब सागर में अपने जहाज से ब्रह्मोस का सफल परीक्षण किया है। उ्फ्र्ब्ब द्वारा डिजाइन किए गए बूस्टर के साथ ब्रह्मोस मिसाइल ने अरब सागर में टारगेट पर सटीक हमला किया। मिसाइल का परीक्षण कोलकाता के बैटलशिप से किया गया। मिसाइल में स्वदेशी सामग्री बढ़ाने पर ब्रह्मोस एयरोस्पेस लगातार काम कर रहा है। इंडियन एयरफोर्स ने दिसंबर 2022 में बंगाल की खाड़ी में ब्रह्मोस एयर लॉन्च मिसाइल का सफल परीक्षण किया। यह 400 किलोमीटर तक के टारगेट को निशाना बना सकती है। वायु सेना ने अपने ऑफिशियल बयान में कहा- इस मिसाइल को सुखोई Su-30 फाइटर एयरक्राफ्ट से टेस्ट किया गया। रक्षा विभाग ने बताया कि टेस्ट के दौरान मिसाइल ने टारगेट की गई शिप को बीचोंबीच मारा। यह मिसाइल के एयर-लॉन्च वर्जन का एंटी-शिप वर्जन है।

### कैसे नाम पड़ा ब्रह्मोस ?


ब्रह्मोस को भारत के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन और रूस के फेडरल स्टेट यूनिटरी इंटरप्राइज NPOM के बीच साझा समझौते के तहत विकसित किया गया है। ब्रह्मोस एक मध्यम श्रेणी की स्टील्थ रैमजेट सुपरसॉनिक क्रूज मिसाइल है। इस मिसाइल को जहाज, पनडुब्बी, एयरक्राफ्ट या फिर धरती से लॉन्च किया जा सकता है।

**AAP बोली- CBI मनीष को टॉर्चर कर रही**

## विपक्षी नेताओं की पीएम को चिट्ठी: सिसोदिया गिरफ्तारी ने दिखाया : हम लोकतंत्र से तानाशाही में बदल गए

गरीबो का सितारा

**नई दिल्ली** AAP सांसद संजय सिंह ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मनीष सिसोदिया को उ्कमानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही है। एजेंसी उनसे झूठे कबूलनामे पर हस्ताक्षर करने के लिए फोर्स कर रही है। उनसे कहा जा रहा है कि हम आपको सारे आरोप लिखित में दे रहे हैं, आप इस पर हस्ताक्षर कर दें। इधर, दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को लेकर 9 विपक्षी नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक चिट्ठी लिखी है। इन नेताओं में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी शामिल हैं। चिट्ठी में लिखा है कि मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी यह दिखाती है कि भारत एक लोकतांत्रिक देश से तानाशाही शासन में तब्दील हो गया है। दरअसल, शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सिसोदिया की पेशी हुई थी। यहां उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी, लेकिन कोर्ट ने 10 मार्च तक के लिए जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया और उ्कको उनकी दो दिन की रिमांड और दे दी। सिसोदिया ने निचली अदालत में जमानत याचिका दाखिल की थी। इस याचिका में उन्होंने लिखा कि उ्क की पूछताछ में उन्होंने सहयोग किया है। जब भी उन्हें बुलाया गया, वे आए हैं। उन्होंने दलील दी कि उन्हें कस्टडी में रखने के पीछे अब कोई वाजिब कारण नहीं है, क्योंकि सारी रिकवरी तो उ्क कर चुकी है। कोर्ट ने कहा जमानत याचिका पर 10 मार्च को दोपहर 2 बजे सुनवाई होगी।



### चिट्ठी लिखने वाले 9 नेता

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के उट अरविंद केजरीवाल, इफ्र चीफ के चंद्रशेखर राव, पंजाब के उट भगवंत मान, राजद नेता तेजस्वी यादव, नेशनल कॉन्फ्रेंस लीडर फारूक अब्दुल्ला, राकांपा चीफ शरद पवार, शिवसेना ठाकरे ग्रुप के चीफ उद्धव ठाकरे, सपा चीफ अखिलेश यादव।




## 7 और 8 को बंद रहेगा बाबा खाटूश्याम मंदिर

### सेवा- पूजा और तिलक होगा, 9 मार्च को सुबह 5:30 बजे शुरू होंगे दर्शन

गरीबो का सितारा

**सीकर।** फाल्गुन महीने का लक्खी मेला समाप्त होने के बाद अब होली के पर्व पर बाबा खाटूश्याम का मंदिर भक्तों के दर्शनों के लिए 7 और 8 मार्च को बंद रहेगा। मंदिर कमेटी ने इसके लिए आदेश जारी किया है। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने आदेश जारी कर बताया कि 7 मार्च को होली पर्व पर बाबा श्याम की विशेष सेवा पूजा की जाएगी। फिर 8 मार्च को बाबा श्याम का तिलक किया जाएगा। ऐसे में बाबा खाटूश्याम का मंदिर 7 और 8 मार्च को दर्शनों के लिए बंद रहेगा। बाबा खाटूश्याम के मंदिर में 9 मार्च को सुबह 5:30 बजे होने वाली मंगला आरती से भक्तों के लिए दर्शन शुरू होंगे। गौरतलब है कि खाटूश्याम मंदिर में 8 अगस्त को हुई भगदड़ के बाद मंदिर और खाटू कस्बे में विस्तार के काम हुए। ऐसे में मंदिर को 13 नवंबर 2022 को बंद कर दिया गया था। 6 फरवरी से मंदिर दोबारा शुरू किया गया। खाटू श्याम मंदिर में हुए बदलाव के बाद अब भक्त 14 लाइनों के जरिए बाबा श्याम के दर्शन कर रहे हैं। आम दिनों में भक्तों को मस्जिद 10 से 15 मिनट में ही बाबा श्याम के दर्शन हो रहे हैं। हालांकि इस बार मेले के दौरान भी भक्तों को बाबा श्याम के दर्शनों में डेढ़ घंटे से ज्यादा का समय नहीं लगा। बदलावों के बाद अब भक्त मंदिर में 14 लाइनों से दर्शन कर रहे हैं। बदलावों के बाद अब भक्त मंदिर में 14 लाइनों से दर्शन कर रहे हैं। बाबा खाटू श्याम का लक्खी मेला इस बार 22 फरवरी से शुरू हुआ। जो 4 मार्च तक चला। इस मेले में इस बार करीब 40 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन किए। एकादशी के दिन तो सबसे ज्यादा करीब 15 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे।



## तुनिषा सुसाइड केस में शीजान को मिली जमानत

**बाहर निकलते ही मां और बहनों के गले लगकर रोया; 70 दिन से जेल में था**



गरीबो का सितारा

**मुंबई।** तुनिषा शर्मा सुसाइड मामले में मुख्य आरोपी शीजान खान को जमानत मिल गई है। उसे लेने के लिए उसकी मां और दोनों बहनें फलक नाज और शफक नाज वसई कोर्ट पहुंचीं थीं। जेल से निकलने के बाद शीजान उनके गले लगकर फूट-फूट कर रोता दिखाई दिया। करीब 70 दिन जेल में रहने के बाद शीजान को 4 मार्च को वसई कोर्ट से जमानत मिली थी। टीवी एक्ट्रेस तुनिषा ने 24 दिसंबर को शूटिंग के सेट पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। तुनिषा के खुदकुशी करने के कुछ ही घंटे के बाद उसकी मां ने उसके को-स्टार शीजान मोहम्मद खान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शीजान को पुलिस ने 25 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार कर लिया था।

**दो महीने से जेल में बंद था शीजान**

इस मामले की जांच कर रही वालिव पुलिस ने 500 पेज की चार्जशीट दाखिल की थी। शीजान पर तुनिषा को खुदकुशी के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया था। गिरफ्तारी के बाद से ही शीजान कई बार जमानत के लिए अर्जी दाखिल कर चुका था। 13 जनवरी को हुई सुनवाई में वसई कोर्ट ने शीजान की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद शीजान ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी।

## वसुंधरा ने दिया सियासी एकजुटता का मैसेज

**डांस भी किया; कहा : राजस्थान के माथे पर विकास का मुकुट लगाने से कोई नहीं रोक सकता**



गरीबो का सितारा

**जयपुर।** पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने जन्मदिन से पहले सालासर बालाजी में शनिवार को सियासी एकजुटता का मैसेज दिया। वसुंधरा राजे के कार्यक्रम में पार्टी के 12 सासंद, 52 विधायक और 118 पूर्व विधायकों के जुटने का दावा किया जा रहा है। प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने भी सालासर पहुंचकर राजे को बधाई दी। इस बीच, वसुंधरा राजे ने फाग महोत्सव में डांस भी किया। राजे की सभा में जुटी भीड़ और विधायकों-नेताओं की संख्या से बीजेपी में सियासी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक विधानसभा चुनावों से पहले राजे ने नया नरेटिव सेट कर दिया है।

**पार्टी हाईकमान के साथ होने का मैसेज**

वसुंधरा राजे ने अपने भाषण से समर्थकों और लोगों को भी मेसेज दिया है। राजे ने कहा- मैं संगठन के सिपाही के रूप में पीएम मोदी के मार्गदर्शन और नड्डा के नेतृत्व में विचारधारा की मशाल लेकर आगे बढ़ रहीं हूं। राजे के इस बयान के सियासी मायने साफ हैं कि वे जो कुछ कर रही हैं, उसमें बीजेपी की केंद्रीय लीडरशिप का समर्थन भी उनके साथ है।



| पूर्वानुमान> | सोम | मंगल | बुध | गुरु |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 33°c | 31°c | 31°c | 31°c |
| न्यूनतम> | 15°c | 18°c | 17°c | 17°c |

22°

# सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री जूली व संत आचार्य सुनील सागर महाराज ने पैदल मार्च के माध्यम से शांति एवं अहिंसा का संदेश दिया

## जैन संत आचार्य सुनील सागर महाराज ने कैदियों को प्रवचन दिए





गरीबों का सितारा

**युवराज शर्मा, अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने जैन संत आचार्य सुनील सागर महाराज के साथ श्री जैन भवन स्कीम नंबर 10 से केंद्रीय कारागृह अलवर तक पैदल मार्च के माध्यम से शांति एवं अहिंसा का संदेश दिया। मंत्री जूली ने कहा कि राज्य सरकार जेल सुधार की दिशा में सकारात्मक कदम उठा रही है। इसी कडी में धर्मगुरूओं, संतों व समाज सुधारकों के प्रवचन कारागृहों में कराए जा रहे हैं। उन्होंने जैन संत आचार्य सुनील सागर जी महाराज के अलवर केंद्रीय कारागृह में पधारकर कैदियों को प्रवचन देने पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि आचार्य सागर जी महाराज की गुरु वाणी के विचारों को अपने जीवन में अमल में लावे। साथ ही उम्मीद जताई कि प्रवचन से कैदियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सकेगा। उन्होंने कहा कि विभाग के छात्रावासों में नैतिकता को बढ़ावा देने संबंधी पुस्तकों का वितरण करायागे। मंत्री जूली ने आचार्य सागर के पैर धोए और आरती की। उन्होंने संत के कारागृह में पावन प्रवास पर बंदियों की सुधार व्यवस्थाओं हेतु कारागार को भेंट राशि प्रदान की।

### जैन संत के प्रवचन से भाव विभोर हुए कैदी

### जीवन में सकारात्मक बदलाव का लिया संकल्प



## संत के प्रवचनों से भाव विभोर हुए कैदी, जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए लिया संकल्प

आचार्य सुनील सागर महाराज ने बंदियों के बीच अपने मंगल प्रवचन में कहा कि जीवन को शांतिपूर्ण तरीके से व शालीनता से जीना है तो सबसे पहले आक्रोश की अग्नि पर विजय प्राप्त करें। आक्रोश की अग्नि इंसान का जीवन उस तरफ ले जाती है जहां से जीवन बर्बाद होने की तरफ जाता है। उन्होंने कहा कि जो गलती नहीं करे उसे भगवान कहते हैं, जो गलती करके सुधर जाये उसे इंसान कहते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में जरा सी गलती इंसान को जेल में पहुंचा देती है। जीवन में विवेक रखो ताकि हमारे द्वारा कोई गलत कदम नहीं उठ सके। उन्होंने कहा कि देखा जाये तो जो लोग जेल से बाहर हैं वो भी संसार के बंधनों में कैद है, वे भी क्रोध, लोभ, मोह, वासना आदि में कैद है लेकिन हमें इससे बाहर निकल कर बंधनों को तोडना है। बंदियों को सीख देते हुए उन्होंने कहा कि जेल को जेल नहीं बल्कि सुधार गृह समझ कर रहे और आप जब यहां से छूट कर जाएं तो किसी से बदला लेने का भाव नहीं रखे। उन्होंने कहा कि जेल भी कई महापुरूषों की कर्मस्थली रही है जिन्होंने जेल में रहकर कई प्रेरणादायी किताबें लिखी हैं और उन किताबों से पता नहीं कितनों के जीवन में बदलाव आ गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कारागृहों में नैतिकता को बढावा देने का कार्य कर रही है जो सराहनीय कदम है।

### कारागृह कर्मियों के साथ खेला समन्वय मैच

इस दौरान मंत्री जूली ने केंद्रीय कारागृह के कार्मिकों के साथ समन्वय क्रिकेट मैच खेला। इस दौरान मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राज्य की जेलों में सुधारात्मक गतिविधियों को बढावा दिया जा रहा है। इसी कडी में समन्वय मैच, धर्मगुरूओं के प्रवचन एवं कैदियों से पेट्रोल पम्प आदि संचालन का कार्य आदि कराया जा रहा है। उन्होंने कारागृह की व्यवस्था व सुधार हेतु कारागृह अधीक्षक को निर्देश दिए। कारागृह सुपरीडेंट प्रदीप सिंह लखावत ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान उमरैण प्रधान दौलत राम जाटव, राज्य के पूर्व निशक्तजन आयुक्त खिल्लीमल जैन, अनिल जैन, नरेंद्र जैन, हरीश जैन, बच्चू जैन, विजय जैन, एडवोकेट राजेन्द्र जैन, पारस जेन, राजेंद्र जैन, रमेश जैन, विजय जैन, अशोक जैन, सहित बड़ी संख्या में जैन संत उपस्थित थे।

## पंचाग

दिनांक 06मार्च 2023 सोमवार
विक्रम संवत2079फाल्गुन शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | चतुर्दशी | 16:16:45 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | मघा | 24:03:47 |
| योग | सुकर्मा | 20:52:36 |
| करण | वणिज | 16:16:45 |
| करण | विष्टि भद्र | 29:15:23 |
| चन्द्र राशि | सिंह | |
| सूर्य राशि | कुम्भ | |
| दिशा शूल | पूर्व | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 06:47:32 |
| सूर्यास्त | 18:29:08 | |
| चंद्रोदय | 17:32:46 | |
| चंद्रास्त | 30:48:02 | |
| राहू काल | 08:15-09:43 | |
| अभिजित | 12:16-13:02 | |
| शुभ चोघडिया | | |
| अमृत | 06:48-08:15 | शुभ |
| शुभ | 09:43-11:11 | शुभ |
| चर | 14:06-15:34 | शुभ |
| लाभ | 15:34-17:01 | शुभ |
| अमृत | 17:01-18:29 | शुभ |



होलाष्टक प्रारम्भ
होलिका दहन:-आज

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

# घूमन्तु जाति उत्थान न्यास अलवर द्वारा द्वितीय प्रतिभा समारोह का आयोजन




गरीबों सितारा

**युवराज शर्मा अलवर।** समारोह मे मुख्य वक्ता के रूप मे बोलते हुए अखिल भारतीय घूमन्तु प्रमुख दुगार्दासजी ने घूमन्तु जातियो के गौरवशाली इतिहास के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि अंग्रेजो ने भारतीय समाज को तोड़ने के षड्यंत्र करते हुए इन जातियो को आदतन अपराधी घोषित करते हुए इन्हे समाज की मुख्य धारा से अलग कर दिया और यह लोग जंगलो मे छिपने को मजबूर हो गए थे, उन्होंने बताया कि बंजारा व्यापार मे अग्रणी थे वही दूसरी और लुहार समाज आज भी महाराणा प्रताप के समय की गई प्रतिज्ञाओ का पालन कर रहा है। इस अवसर पर घूमन्तु जातियो बंजारा, लुहार, नट, भांड, सपेरा, बागरी आदि समाज के पढ़ने वाले बच्चो को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि लुहार समाज की बच्ची अंजली हॉकी मे राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुकी है। अनेक युवा जो स्वरोजगार मे संलग्न है का भी सम्मान किया गया। डॉक्टर पंकज गुप्ता ने अतिधियो का परिचय कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रमन खण्डेलवाल, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अवध अग्रवाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघचालक अशोक मित्तल थे। कार्यक्रम संयोजक और मंच संचालक अश्वनी जावली ने न्यास के कार्यो के बारे मे जानकारी दी। कैप्टन उमरावलाल सैनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूर्व सभापति मीना सैनी, कैलाश कल्ला, विभाग प्रचारक नरेंद्र भारत, रोहिताश्व लुहार, अनाड़ी लुहार, विजेन्द्र सिंह, कुशाल नट, सहदेव सिंह, दिनेश किराठ, शीलू गंडूरा, मनोज कुमार शर्मा, प्रेमप्रकाश शर्मा, एडवोकेट सूर्यकान्त शर्मा, डॉक्टर नरोत्तम गुप्ता, लखन जोशी, संदीप शर्मा, यशवन्त कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

# भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय जामडोली मे वार्षिकोत्सव व प्रतिभावन पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ

## स्थानीय विधार्थियो ने दी रंगारंग सास्कृतिक प्रस्तुतिया




गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत जामडोली मुख्यालय पर स्थित भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय मे रविवार को वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभावान सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे मुख्य अतिथी के तौर पर स्थानीय विधायक सुपुत्र उम्मेदी लाल मीना रहे। मुख्य अतिथी ने सरस्वती माता की प्रतिमा के दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विशिष्ट अतिथी के तौर पर देवकरण मीना पूर्व प्रधान तथा राहुल मीना अलेई और अमरचंद फौजी आदिवासी प्रदेश अध्यक्ष तथा कैलाश भामाशाह सुरेर व सुखराम मीना खुर्द बीएसएनएल एसडीओ , बाबूलाल गुर्जर पूर्व निदेशक स्थानीय विधालय तथा आसपास के सभी निजि स्कूलो के व्यवस्थापक और प्रिन्सिपल रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विद्यालय के निदेशक और स्थानीय सरपंच प्रतिनिधी (समाज सेवी) शिव भक्त डी.सी. मीना तथा कार्यक्रम का मंच संचालन हेमंत दीवान बबेली के द्वारा किया गया। इस दौरान बालिकाओ द्वारा रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्थानीय विधायक के निदेशक कमलेश मीना द्वारा प्रतिभावन विधार्थियो को सिल्वर मैडल (चांदी का



सिक्का) व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्थानीय विधायक के प्रिंसिपल द्वारा विद्यालय का प्रगति रिपोर्ट सभी के सामने पढकर सुनाई इस विधालय के ज्यादातर विधार्थियो के बोर्ड परीक्षा परिणाम मे सर्वोत्तम अंक प्राप्त हुए। इस दौरान आए हुए सभी अतिथियो का स्थानीय विद्यालय स्टाफ द्वारा व उपस्थित ग्रामीण गणमान्य नागरिको द्वारा फूल मालाओ से व साफा बंधवा कर भव्य स्वागत सत्कार किया गया। इस दौरान स्थानीय विधायक पुत्र को विद्यालय मे विधायक द्वारा दो तीन साल पहले घोषणा की गई सिंगल फेज बोरिंग की भी याद दिलाई जिस पर विधायक पुत्र ने इसके बारे मे विधायक से जानकारी लेने की बोली कि तीन साल से अब तक भी क्यो नही लगवाई है सिंगल फेज बोरिंग बच्चो के लिए पेयजल व्यवस्था के लिए। इस दौरान बीएसएनएल एसडीओ सुकराम मीना खुर्द ने घोषणा की है जो कि इस विधालय मे जो भी विधार्थी बोर्ड क्लास मे 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक लायेगा उन सभी विधार्थियो को सिल्वर मैडल और 98 प्रतिशत से उपर लाने वाले विधार्थियो को गोल्ड मेडल प्रदान किया जावेगा तथा रामभरोसी खुर्द ने भी इस दौरान घोषणा की है कि बोर्ड क्लास मे 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले को स्मार्ट वाच दी जावेगी। मिडिया को यह सारी जानकारी भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा दी गई है।


# वाहन लूट के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा कोटपूतली।** पनियाला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नीमराणा के पास हाइवे पर वाहन चालक से लूट करने वाला फरार आरोपी 7 महीने के बाद गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए थाना अधिकारी लक्ष्मीनारायण ने बताया कि साकिर खान ने पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया की मैं कंटेनर लेकर नीमराणा हाईवे पर रुका था मेरी गाड़ी में तीन लड़के जबरदस्ती चढ़ गए। व मुझे चालक सीट से हटाकर एक व्यक्ति मेरी गाड़ी को चलाने लग गया। मैंने विरोध किया तो तीनों व्यक्तियों ने मेरे साथ मारपीट व मोबाइल छीन लिया व मेरा एटीएम कार्ड भी छीन कर तोड़कर फेंक दिया। मेरी जेब में रखें पैसे निकाल लिए विरोध किया तो देशी कट्टे की बट से मेरे मुंह व पसलियां पर मारपीट की एवं मेरे शरीर से कपड़े उतार दिए तथा अप्राकृतिक संबंध बनाने का प्रयास किया। मेरे को पनियाला के पास बाजरे के खेत में हाथ पैर बांध व मुंह में टी-शर्ट ठोस कर खेत में डाल दिया व मेरी गाड़ी छीनकर ले गए। मैं जैसे तैसे अपने हाथ पैर खोलकर पुलिया के पास चाय की दुकान पर पहुंचा अपने साथ बीती घटना को पुलिस को बताया घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने मामला दर्ज किया। जिसके बाद थाना अधिकारी द्वारा विशेष पुलिस टीम गठित कर आरोपी 20 वर्षीय ततारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत काली पहाड़ी निवासी अंकित पुत्र राजवीर जाट को गिरफ्तार किया।



# पुलिस ने कस्बे में होली पर्व को सादगी से मनाने के लिए किया जागरूक



गरीबो का सितारा

**गरीबो का सितारा वी.पी.मीणा बहरोड़।** होली के पर्व को देखते हुए रविवार को पुलिस टीम ने कस्बे सहित हाइवे क्षेत्र में फ्लैग मार्च करते हुए लोगों से शांति और भाईचारे की अपील की। व होली का त्योहार में शांति व सौहार्द बनाये रखने के लिए डीएसपी आनंद राव के नेतृत्व में एसएचओ वीरेन्द्र पाल सहित पुलिस ने पैदल गश्त किया। गश्त के दौरान लोगों को भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। इसके साथ ही बताया गया कि किसी भी दशा में सौहार्द में खलल नहीं आने दिया जाएगा। डिप्टी ने कहा कि यदि कोई भी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो पुलिस उससे सख्ती के साथ निपटेगी।

### अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

मार्च के दौरान लोगों से अपील की गई कि लोग होली का त्योहार शांति व सौहार्द से मनाएं। साथ ही अराजकों को चेतावनी दी गई कि पुलिस उन पर कड़ी नजर रख रही है। त्यौहार के दौरान जो भी खलल डालने की कोशिश करेगा उसे बिलकुल भी बख्शा नहीं जाएगा। उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा लोगों से अपील की गई कि लोग अफवाहों से सावधान रहें और यदि कोई ऐसा करता दिखे तो पुलिस को सूचित करें।

# राठ क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है - नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़

गरीबो का सितारा




**वी.पी.मीणा बहरोड़।** कस्बे के नारायणी देवी महिला महाविद्यालय में रविवार को वार्षिकोत्सव एवं पारिताषिक वितरण समारोह और उमंग युवा भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने धार्मिक एंव देशभक्ति से औतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की। समारोह की अध्यक्षता अलवर सांसद महन्त बालकनाथ योगी ने की और मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ रहे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि राठ क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस प्रतिभाओं को तरासने वालों की आवश्यकता है। 2004 से चल रही ये संस्था केवल व्यवसायिक संस्था नहीं हैं। ये संस्था हमारे भावी भविष्य को तैयार कर रही हैं। हमारे देश युवा भारत है। यूथ इंडिया के सर्वे रिपोर्ट के अनुसार इस देश में 37 करोड़ युवा श्रेणी में हैं। उन देश के नौजवानों को संस्कारित बना दिया जाये तो देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। वहीं सांसद महंत बालकनाथ ने बालिकाओं द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से जो सदेंश दिये उनकी सराहना की। कार्यक्रम के माध्यम से जो संदेश दिये गये हैं। उनको अपने जीवन में चरितार्थ करना है। साथ ही कहा कि हम अपने स्थान पर रहकर भी राष्ट्रभक्ति कर सकते हैं। अपनी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर देश सेवा कर सकते हैं। जीवन केवल हमारे जीने के लिए नहीं हैं, बल्की ये जीवन देने के लिए है। हमारा कर्तव्य है कि जिस देश की मिट्टी में हमने जन्म लिया है उस देश के लिए बलिदान देना हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेंद्र राठौड़ नेता प्रतिपक्ष, अध्यक्षता महंत बालक नाथ योगी, विशिष्ट अतिथि सुबुही खान राष्ट्रीय संयोजक राष्ट्र जागरण मंच, अलवर भाजपा जिला अध्यक्ष उम्मेद सिंह भाया, मनीष पारीक जिला प्रभारी, बलवान सिंह यादव पूर्व जिला अध्यक्ष, हीरालाल रावत, मोहित यादव, संदीप दायमा, देवी सिंह शेखावत, रोहिताश यादव, जिला उपाध्यक्ष उमेश शर्मा, जिला मंत्री संजय शर्मा, जिला पार्षद राम नरेश यादव, वेद प्रकाश खबरी, जयप्रकाश झाबर, देशराज खरेरा, महेंद्र सिंह यादव, डेलिकेट बाबूलाल यादव, अमर सिंह यादव, सरजीत लोहमोड, रमेश यादव, कोमल महेंद्र सिंह, सरपंच नरसिंह यादव, नगेन्द्र सिंह, संदीप चौधरी, अभय सिंह, रामफल गुर्जर, राजेंद्र सिंह, साधुराम, बहरोड मंडल अध्यक्ष संजय मीर, बर्डोद मंडल अध्यक्ष राधेश्याम बोहरा, माजरी मंडल अध्यक्ष सुनील यादव व मांढण मंडल अध्यक्ष राकेश चौहान, पार्षद ओम यादव, डॉ ऋषि यादव, भारत विकास परिषद के सतवीर यादव, प्रकाश जांगिड़, लायंस क्लब से अनील जांगिड़, योगेंद्र चौहान, रमेश रावत, मानव सेवा संस्थान के जगमाल सिंह, राजेंद्र प्रसाद, कर्नल अशोक यादव, कमांडेंट गिरधारी लाल यादव, अलवर निजि कॉलेज संगठन अध्यक्ष डॉ करण सिंह, शिशुपाल यादव, अरुण यादव व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।




## दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी युवक को गिरफ्तार

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** नीमराणा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए



थानाधिकारी सुणिलाल मीणा ने बताया कि 9 जनवरी को पीड़िता ने मामला दर्ज करवाया कि मैं अपने घर पर कपड़े धो रही थी तब मेरे पास सोनू पुत्र कृष्ण निवासी ढूंढारिया आया मेरे साथ मार पिटाई की और इससे पहले 8 जनवरी को मेरे साथ बलात्कार किया। मेरे को और मेरे बच्चों को जान से मारने की धमकी दी मैंने किसी को नहीं बताई आज फिर आया तो मैं डर से मेरी चाची के घर चली गई तो वहां पर भी आकर मेरे साथ मारपीट की। मैं एक विधवा औरत हूं घटना के मामले में पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम गठित कर आरोपी ढूढारिया निवासी 22 वर्षीय सोनू पुत्र कृष्ण कुमार यादव को गिरफ्तार किया।
























# कर्मचारी नेता सैनी हुए "सेवानिवृत्त", कर्मचारी संगठन ने किया नेता का स्वागत

गरीबों का सितारा



जयपुर। जलदाय विभाग के वरिष्ठ कर्मचारी नेता बाबूलाल सैनी व दशरथ सिंह अपनी राज की सेवा पूर्ण करने के पश्चात राजकीय सेवा से 28 अप्रैल 2023 को सेवानिवृत्त हो गए। सिंह व सैनी राजकीय सेवा में रहते हुए कर्मचारी संगठनों में भी पद पर रहकर सेवा के साथ कर्मचारियों के भी कई काम करवाएं। इन्होंने कर्मचारियों की मांगों को लेकर दिए गए धरने प्रदर्शन में भी अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जैसे आज राजस्थान के तमाम कर्मचारियों की पदोन्नति वेतन विसंगति दूर हो सकी। सैनी सहायक अभियंता कार्यालय मिस्त्री खाना गणगौरी बाजार फिटर प्रथम वे दशरथ सिंह फिटर प्रथम के पद से सहायक अभियंता कार्यालय विश्वकर्मा चौकी से सेवानिवृत्त हुए। दोनों ही राजस्थान वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ के पदाधिकारी है उनके सेवानिवृत्त के मौके पर कांग्रेस नेता सीताराम अग्रवाल अधिशासी अभियंता जेएस कटारा सहायक अभियंता सत्य प्रकाश पवार मिस्त्री खाने के अधिशासी अभियंता संजय शर्मा, कर्मचारी नेता बाबूलाल शर्मा, बनवारी लाल सैनी, शहीद भाई जगदीश सैनी, रामकिशोर शर्मा, कन्या लाल सैनी, महेंद्र सिंह शेखावत, विजय सिंह कनिष्ठ अभियंता मोहित सिंघल सहायक अभियंता हंसराज चौधरी मालचंद सिंधी भवानी सिंह शेखावत रविंद्र सिंह राठौड़ पवन लखेरा जितेंद्र वर्मा शिवम सैनी ओम प्रकाश शर्मा सरवन लाल शर्मा शिव लहरी शर्मा विजय कुमार विकास सैनी दिनेश सैनी विष्णु शर्मा दीनदयाल नाटाणी तेजपाल सिंह भाई नंदलाल सिंह गोपाल लाल वर्मा रमेश नायक मनोज कुमावत राधेश्याम शर्मा लालचंद शर्मासहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसी दौरान दोनों कर्मचारी नेताओं को माला, साफा सूटकेस प्रशस्ति पत्र व दुपट्टा पहनाकर भव्य स्वागत किया।

# 28 दिनों से अनशन जारी

## अनशनकारी की हुई तबीयत खराब




गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** ईसीबी कार्मिकों की ज्वाइनिंग को लेकर जिला कलक्ट्रेट के समक्ष विगत 28 दिनों से आमरण अनशन जारी है। पूर्व पार्षद राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि आमरण अनशन पर बैठे ओम सिंह की तबीयत खराब होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अब अनशन पर मगाराम सियाग, हरिशंकर सियाग, रामदेव गोदारा, हरिराम गोदारा एवं मूलचन्द मेघवाल डटे हुए हैं। भाजपा के टेकचंद यादव ने बताया कि होली हो या कोई भी त्योहार जब तक कार्मिकों को ज्वाइनिंग नहीं मिलती अनशन बरकरार रहेगा। यादव ने बताया कि अनशन की गूंज विधानसभा तक पहुंच चुकी है, दो बार विधायक बिहारीलाल बिश्नोई ने ईसीबी कार्मिकों की ज्वाइनिंग के मामले को सदन में उठाया। हाईकोर्ट ने भी कॉलेज प्रशासन को 20 मार्च तक रिपोर्टिंग के आदेश दिए हैं। आज अनशन स्थल पर भाजयुमो देहात अध्यक्ष जसराज सींवर, कुलदीप यादव, रमेश भाटी, पवन महनोत, आदर्श शर्मा, अजीत सिंह चारण, गौरीशंकर देवड़ा, शंभु गहलोत, गणेश जाजड़ा, आनन्द सोनी, कैलाश पारीक, मनोज पड़िहार, गौरीशंकर देवड़ा, मोहम्मद ताहिर, मधुसूदन शर्मा, मालचंद जोशी, शंकरसिंह राजपुरोहित, ओम राजपुरोहित, जितेन्द्र सिंह भाटी, तेजाराम राव, श्रवण चौधरी आदि उपस्थित रहे।








# खत्री मोदी समाज के द्वारा फागोत्सव समारोह मनाया



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** श्री खत्री मोदी समाज सार्वजनिक प्रन्यास की ओर से रविवार को दोपहर मरूधरा नगर स्थित खत्री मोदी भवन में फागोत्सव समारोह मनाया गया। प्रन्यास के अध्यक्ष श्रीराम अरोड़ा ने बताया है कि समारोह में समाज बंधुओं द्वारा होली गीत गायन, हास्य-व्यंग्य आधारित कविताऐं डांडिया नृत्य, एकल एवं सामूहिक नृत्य, फैन्सी ड्रेस प्रदर्शन किया गया। एवं पुष्प होली का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक मोदी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। प्रन्यास अध्यक्ष राम अरोड़ा ने पधारे हुए अतिथियों एवं समाज बंधुओं का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर खत्री- मोदी समाज के मनोज कुमार मोदी, मनोज कुमार मोदी केएईम रोड, उधोगपति राजकुमार मोदी, रामसा मोदी,संजय कपूर, एडवोकेट राजु मोदी सहित आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में बालिका दीक्षा मोदी, दिव्या खत्री, प्रिया खत्री,पीहू खत्री, गोरी खत्री शानदार नृत्य पेश किया। वहीं डॉ संजय मोदी, कैलाश धोतावत, पूनम चंद आजमाती, संजय मोदी, वर्षा मोदी, श्रीमती मिलन मोदी, सुरेश सुंदर वाणी, हृदय मोदी, जीशान मोदी, हेमंत बजाज, मोहित खत्री ,चेतन खत्री सहित आदि ने हास्य व्यंग कार्यक्रम पेश किया।







# वैश्य फेडरेशन की संभागीय कार्यसमिति को लेकर युवा शाखा को सौंपी जिम्मेदारियां




गरीबों का सितारा

**भीलवाड़ा।** अंतराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन की आगामी 12 मार्च को भीलवाड़ा में आयोजित होने वाली संभागीय कार्यसमिति की तैयारियों एवं उसमें युवा शाखा के पदाधिकारियों की भूमिका व सहभागिता को लेकर वैश्य फेडरेशन की भीलवाड़ा युवा शाखा की बैठक संभागीय अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, प्रदेश मंत्री कल्पेश चौधरी, युवा संभागीय अध्यक्ष देवेंद्र दाणी, जिला संरक्षक प्रेमस्वरूप गर्ग, जिला महामंत्री ललित अग्रवाल की विशिष्ट उपस्थिति एवं युवा शाखा अध्यक्ष राघव कोठारी की अध्यक्षता में संपन हुई ।जिला प्रचार प्रसार प्रभारी अंकुर बोरदिया ने बताया कि बैठक में संभागीय अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल ने युवा पदाधिकारीयो को संभागीय कार्यसमिति की रूप रेखा बताई एवं विभिन्न जिम्मेदारियां भी प्रदान की।




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# जीयादास महाराज की 15 वीं पुण्यतिथि 7 मार्च को

गरीबों का सितारा

**गुढाभगवानदास।** जीयादास महाराज की 15वी पुण्यतिथी पर जीयादास महाराज का धुणा, दांतिणा में 7 मार्च शाम को सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। पूर्व प्रधान पुनाराम मेघवाल ने बताया की स्वामी जीयादास महाराज होली के दिन ही ब्रह्मलीन हुए थे इसी उपलक्ष्य मे रामा-श्यामा के दिन भव्य मेले व सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन रखा गया है। इस शुभ अवसर पर नागौर सांसद हनुमान बेनिवाल व खींवसर विधायक नारायण बेनिवाल भाग लेंगे। इस भव्य आयोजन में जीयादास के शिष्य महंत श्रीकरणदास, महंत श्री भुरदास, भंवरदास सुमेरिया, दीपादास व महंत श्री डालमदास सहित अनेक गणमान्य संत महापुरुष पधारेंगे। इस कार्यक्रम में भजन व सत्संग कार्यक्रम कुम्भाराम भलासरिया एंड पार्टी द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुती की जाएगी। भव्य आयोजन सामाजिक संगोष्ठी में भाग लेने के लिए आस-पास के गांवों के अनेक गणमान्य लोग पधारेंगे।













# पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया ने कहा 'मैं हर बार देव भूमि पर मनाती हूं' जन्मदिन

### श्री श्याम मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने वसुंधरा राजे का किया स्वागत

### पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा मेरा कोई शक्ति प्रदर्शन नहीं







गरीबों का सितारा

**खाटूश्यामजी (विनोद धायल)।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने रविवार को खाटूश्यामजी पहुंचकर बाबा श्याम के दर्शन कर पुजा अर्चना की तथा प्रदेश की खुशहाली की कामना की इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान व ट्रस्टी मानवेन्द्र सिंह चौहान ने श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर अभिनन्दन किया राजे दर्शन के पश्चात होटल लखदातार में अल्प विश्राम के लिए पहुंची जहां भाजपा नेता पवन पुजारी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने स्वागत किया। खाटूश्यामजी से रवाना होते समय सिंधिया ने कहा कि प्रति वर्ष मार्च में जब भी जन्मदिन आता है तो शक्ति प्रदर्शन का नाम दिया जाता है मैं हर बार देव भूमि पर जन्मदिन मनाने जाती हूं इस बार आठ मार्च को होली होने से चार मार्च को सालासर और आज जीणमाता, खाटूश्यामजी दर्शन किए हैं साथ ही बीजेपी संगठन के पोस्टर में राजे की फोटो नहीं होने के सवाल पर कहा कि यह प्रश्न भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से पूछना चाहिए। वसुंधरा राजे ने कहा कि खाटूश्यामजी में दर्शन व्यवस्था सुंदर हो गई है तथा आज दर्शन करके आनन्द की अनुभूति हुई इस दौरान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, रामचरण बोहरा, यूनुस खान, राजपाल सिंह शेखावत, प्रभु सिंह गोगावास, पूर्व उप जिला प्रमुख हनुमान प्रसाद झाझड़ा, भाजपा नेता पवन पुजारी, नगर पालिका चैयरमेन ममता मुंडोतिया, बंशीधर खंडेला, कमल सिखवाल, फूलचंद बाजिया अंशुमान शर्मा सोनु अलोदा सोनू तुलछानी सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता हैं राजे के साथ मौजूद।

# नफरत की राजनीति करने वालों को जवाब देने का वक़्त आ गया है : रूक्ष्मणी कुमारी

गरीबों का सितारा





**चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर)।** इंडियन प्रोफेशनल कांग्रेस नेता व एआईसीसी मेंबर रुक्षमणी कुमारी ने रविवार को ग्राम मोरिजा से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत कर गांव गांव जनसंपर्क किया। उन्होंने अभियान के दौरान लोगों से मिलकर भारत जोड़ो का संदेश घर घर पहुंचाया। इस दौरान उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कन्याकुमारी से कश्मीर तक राहुल गांधी जी को जनता ने जो भी समस्याएं बताई थी उनके बारे में आमजन से चर्चा की रुक्षमणी कुमारी ने जनता से कहा कि देश में लगातार महंगाई, बेरोजगारी बढ़ रही है, जिसके विरोध में एकजुट होकर आवाज बुलंद करने का समय आ गया है। उन्होंने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के दौरान जनता को देश को एकजुट करने की इस मुहिम में कांग्रेस का साथ देने की बात की। कांग्रेस नेता रूक्ष्मणि कुमारी ने कहा कि नफरत बांटने वाली राजनीति को जवाब देने के लिए चौमूं विधानसभा की जनता पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के दौरान उन्हें अनंतपुरा, जैतपुरा, कालाडेरा, कानरपुरा, मंडा, हस्तेडा, आस्टि, गीदा का बास, किशनमानपुरा, रंजीतपुरा, नांगल गोविंद, बगड़ी, गुडलिया, छोटा गुड्डा, ढोढसर, गोविंदगढ़, लोहड़वाड़ा, हाड़ोता, भोपावास, समोद, महारकला, कानपुरा, की जनता का भरपूर समर्थन मिला। भारत जोड़ो की मुहिम को हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के अंतर्गत आगे बढाया जा रहा है, उन्होंने कहा कि हम देश की एकता और अखंडता के लिए पूरी तरह तैयार हैं।




# ब्रह्मक्षत्रिय खत्री समाज का फागोत्सव- होली के रंग हिंगलाज माताजी के संग

**बीकानेर लाल गुफा रोड हिंगलाज माता जी मंदिर में ब्रह्मक्षत्रिय खत्री समाज का फागोत्सव की धूम**



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** रविवार दिनांक 05 मार्च 2023 रंग गुलाल भजन नृत्य कार्यक्रम का आयोजन बीकानेर ब्रह्मक्षत्रिय खत्री समाज की महिला मण्डल अध्यक्ष राधा खत्री व सभी महिला शक्ति ने मिलकर राधा कृष्ण रूपी बच्चों बच्चियों के साथ फूलों की होली खेली। हिंगलाज माता जी मंदिर में भावमय भजन कीर्तन के साथ फागुन के गीतों की स्वरलहरी में गुलाल अबीर व फूलों की होली मनाकर माहौल को होली मय बना दिया व होली का प्रसाद वितरण कर होली पर्व धूमधाम से मनाया महिलाओं ने खूब फूल बरसाए और नाच गाने के साथ होली का समापन किया।

# बीकानेर रानी बाजार स्थित अपना घर आश्रम में मनाया गया फाग उत्सव

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** अपना घर आश्रम में 04/03/2023 को प्रभुजन के साथ पुष्प होली के साथ फाग उत्सव मनाया गया कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अपना घर आश्रम के अध्यक्ष श्री जुगल राठी ने बताया की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रभुजन के साथ होली खेली गई और सांस्कृतिक आयोजन रखा गया जिसमे चंग पर धमाल और भजनों का कार्यक्रम रखा गया कार्यक्रम में बीकानेर के गणमान्यजन ने भी उपस्थिति दी और प्रभुजन के साथ होली खेली जिनमे श्री रामरतन धारणिया, द्वारका प्रसाद पचीसिया , डूडी मोटर्स के सुरेश डूडी, दिनेश राठी, किशन लोहिया, भतमाल पेडीवाल, गोपाल बिस्सा , रमेश राठी , अनिल चांडक मनोज बजाज, अशोक मुँधड़ा, सरला लोहिया, अनिता राठी ममता राठी, अनिता मोहता, सुखदेव चायल ,कैलाश लखोटिया, नारायण बिहानी आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए, इसके साथ ही कार्यक्रम में पधारे कलाकारों का सम्मान भी किया गया जिसमे भतमाल पेडीवाल गोपाल बिस्सा और चंग पर प्रतुति देने वाले समूह भी शामिल था। अंत में श्री राठी ने बताया की जो आनंद की अनुभूति इन प्रभुजन के साथ आयोजन में होती है वह अन्यत्र नहीं मिलती प्रति वर्ष होने वाले इस आयोजन में हर बार इन्हे कुछ नवाचार देखने को मिले ऐसा प्रयास रहता है जो की भविष्य में भी करेंगे सभी पधारे आगंतुकों का आभार प्रकट किया।







गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।







# श्री सैन युवा संगठन हुरडा तहसील के अध्यक्ष बने सैन



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** श्री सैन युवा संगठन हुरडा तहसील अध्यक्ष बने मुकेश सैन खारी का लाम्बा! स्थानीय श्री देवनारायण भगवान मंदिर प्रांगण में गुलाबपुरा सेन समाज के अध्यक्ष अम्बालाल सेन की अध्यक्षता में श्री सेन युवा संगठन ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे सर्व सम्मति से हुरडा तहसील अध्यक्ष मुकेश कुमार सेन (खारी का लांबा) को तहसील अध्यक्ष बनाया गया। मुकेश कुमार सेन (जोरावरपुरा) को सचिव, शंकर लाल सेन (कोठिया) को कोषाध्यक्ष, श्रीराम सेन (कंवलियास) को सहसचिव बनाया गया। सैन युवा संगठन भीलवाड़ा के जिला प्रतिनिधि सुरेश कुमार सेन (कटार) ने बताया कि समाज के युवाओं को समाज की सेवा हेतू प्रेरित करने और समाज के सर्वांगीण विकास हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से युवाओं को संगठित किया जा रहा है। जिला प्रतिनिधि के रुप में श्री सत्यनारायण सेन, सुरेश कुमार सेन कोठिया, अशोक कुमार सेन, सुरेश कुमार सेन कुंडिया, श्री सेन समाज कार्यकारिणी अध्यक्ष गुलाबपुरा अंबालाल सेन, संरक्षक सत्यनारायण सेन, भंवर लाल सेन, सांवरलाल सेन, लक्ष्मी नारायण सेन, शंकर लाल सेन, प्रकाश सेन ने नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को माला पहना कर मुंह मीठा कराया एंव युवा साथियों की टीम बनाकर समाज हित में कार्य करने का शुभ आशीष दिया।


























गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

रच दिया इतिहास...

महाकुंभ में जनप्रतिनिधियों ने बढ़ चढ़कर लिया भाग

# जाट महाकुंभ : नेताओं का एक ही जाजम में बैठकर संदेश 'जाट एकता जिंदाबाद'

## 21 विधायक और 6 सांसद पहुंचे जाट महाकुंभ में, दोनों पार्टियों के प्रदेशाध्यक्ष पहुंचे जाट महाकुंभ में





गरीबों का सितारा

**जयपुर।** विद्याधर नगर में आयोजित जाट महाकुंभ में उमड़े जनसैलाब को देखकर आयोजन के संरक्षक राजाराम मील जनता का आभार जताते हुए कहा कि आर मेरे समाज ने साबित कर दिया है कि हम राजस्थान में संख्याबल के आधार पर सबसे बड़ी जाति के रूप में है। इसलिए में प्रदेश और केन्द्र सरकार के मांग करता हुं कि राजस्थान में जनसंख्या गणना करवाई जायें। जब तक जातिगत जनगणना ना हो तब तक ओबीसी आरक्षण को 21 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत की मांग, फसलो की खरीद एमएसपी पर हो, ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया जाएं, जोधपुर विधि महाविद्यालय में आरक्षण लागू करे, संस्थाओं को जमीन आवंटन की जाए, राजनीति में भागीदारी हो, अन्य राज्यो की तुलना आरक्षण दिया जाए, अग्निपथ योजना को बंद किया जाए, जयपुर में वीर तेजाजी व महाराजा सुरजमल की मूर्ति लगाई जाएं सहित अन्य मांगो को लेकर संबोधित किया।



## दुसरे समाज के बारे में गलत ना बोले: डोटासरा

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि मैं जिस हैसियत में हूं, मेरी पार्टी के नेता और मेरी पार्टी की विचारधारा से ऊपर उठकर भी मैं पहले समाज का हूं। डोटासरा ने समाज के नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि दो बातों का ध्यान रखें, एक तो किसी भी दूसरे समाज के खिलाफ एक भी गलत शब्द नहीं निकलना चाहिए। यह प्रण लेकर हमें यहां से जाना पड़ेगा । दूसरा अगर हम किसी की मदद कर रहे हैं तो चुपचाप करें। हमारे समाज में यह कमी है कि हल्ला करते हैं कि हम मदद करेंगे, तब तक दुश्मन सक्रिय हो जाता है और हमारे समाज के व्यक्ति की मदद नहीं हो पाती है।



## जाट परिश्रमी, ईमानदार और देशभक्त : पूनिया

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि जो जाट गांव में सामाजिक सद्भाव के लिए जाना जाता था, जो परिश्रम, ईमानदारी, देशभक्ति के लिए जाना जाता था, वही हमारा चरित्र और हमारी ताकत भी है। इसलिए छत्तीस कौम जो पंचायती राज चुनावों में आपके पीछे खड़ी होती थी, उसमें फूट पैदा करने की कोशिश हुई है। समय की इस नजाकत को समझिए, बुद्धि कौशल का इस्तेमाल करिए पूनिया ने कहा- मैं भी चूरू जिले के छोटे से किसान के घर में पैदा हुआ। पिछले 35 वर्षो से राजनीति में हूं। मेरी मां, मेरे परिवार ने मुझे संस्कार दिए। मैं भी स्वतंत्रता सेनानी परिवार से हूं, मैंने वह सब देखा है जो एक गरीब व्यक्ति देखता है। दुख देखा, अपमान देखा, तिरस्कार देखा, विरोध देखा, संघर्ष देखा। पूनिया ने कहा कि जब पहली बार रेलगाड़ी से जयपुर आया तो यह समुद्र देखकर मन में कल्पना ही थी कि शायद ही शहर में मेरी जगह हो।



## फिर किसान आंदोलन करना पड़ेगा : टिकैत

भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने जाट महाकुंभ में लोगों से फिर आंदोलन के लिए तैयार रहने को कहा है। राकेश टिकैत ने कहा कि एक बड़ा आंदोलन फिर करना होगा। किसान की जमीन छीनने का बड़ा षड्यंत्र रचा जा रहा है। पूरे देश भर में जमीन बचानी है। सरकारों की पॉलिसी खराब है। जिसके पास 10 साल पुराना ट्रैक्टर खेत में काम कर रहा है, ट्रैक्टर तैयार रखें, खेत में काम करने वाला ट्रैक्टर हमारे आंदोलन में सड़क पर टैंक का काम करेगा। आप तैयार रहना, समय और जगह बता दी जाएगी। टिकैत ने कहा कि सरकार किसान पॉलिसी ला रही है, 10 साल पुराना ट्रैक्टर बंद होगा। अब 10 साल में कौन किसान ट्रैक्टर बदल सकता है? सरकार चाहे कोई हो, चाहे केंद्र की सरकार हो या राज्य की, उनकी गलत नीतियों के खिलाफ हैं। हम किसी पार्टी के खिलाफ नहीं हैं।

### समाज में आए संकट को एकजुट होकर सामना करना चाहिए : युद्धवीर सिंह

अखिल भारतीय जाट महासभा के महासचिव युद्धवीर सिंह ने कहा कि संगठन का प्रथम दायित्व समाज में आए संकट को एकजुट होकर सामना करना चाहिए। आरक्षण के नाम पर सरकार ने हमे हिस्सेदारी ना देकर सिर्फ लॉलीपोप दे रखा है, ओबीसी की आबादी के हिसाब से आरक्षण का एक चैथाई हिस्सा भी नहीं मिल रहा है। समाज को सशक्त होकर अपनी भागीदारी के लिए संघर्ष करना होगा। आज के नवयुवक को कुरीतियों को छोडकर शिक्षा की ओर ध्यान देना चाहिए।

### मंडल आयोग लागू हुआ तो मैंने सांसद पद से इस्तीफा दिया : विश्वेंद्र सिंह

जाट महाकुंभ में पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने कहा जब मंडल आयोग लागू हुआ तो मेंने सांसद पद से इस्तीफा दे दिया था। मैं मंडल आयोग के खिलाफ इस्तीफा देने वाला पहला जाट सांसद था। इसके बाद हमने राकेश टिकैत के पिता महेंद्र सिंह टिकैत के साथ सिसोली में बड़ी सभा करवाई थी। विश्वेंद्र सिंह ने कहा- उस वक्त हमारी बिरादरी का सवाल था। मैं अपनी बिरादरी के लिए कुछ भी करने को तैयार हूं। समाज के प्रोग्राम में आने में शर्म नहीं आती है, जब भी समाज का प्रोग्राम में बुलाते हैं, मैं सहर्ष आता हूं।



पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक भी बड़ी संख्या में पहुंचे

## नरैना के प्रमुख संत दादू दयाल धाम ने दिलवाए संकल्प

महाकुंभ में दादू दयाल धाम, नरैना के प्रमुख संत ने संकल्प दिलवाए। महाकुंभ के दौरान पेड़ को परिवार का मेंबर मानने और जीवों की रक्षा करने का संकल्प दिलवाया गया। शादियों में फिजूलखर्ची रोकने, प्राकृतिक और जैविक खेती की तरफ लौटने, पशुपालन और खेती को बिजनेस से जोड़ने, उद्योग और व्यापार में समाज की हिस्सेदारी बढ़ाने, बागवानी और फलदार पेड़ लगाने का भी संकल्प दिलाया गया। इस संकल्प के तहत हर व्यक्ति को एक पेड़ लगाकर उसका ध्यान रखने को कहा गया है। महाकुंभ में बीजेपी, कांग्रेस सहित सभी पार्टियों से जुड़े जाट नेता पहुंचे। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, सीएम वसुंधरा राजे के पुत्र और सांसद दुष्यंत सिंह, केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती, हेमाराम चैधरी, विश्वेंद्र सिंह, बृजेंद्र सिंह ओला, रामलाल जाट, लालचंद कटारिया, कृष्णा पुनिया, रीटा चैधरी के साथ ही राजस्थान सरकार के सभी जाट मंत्री और कांग्रेस बीजेपी के जाट विधायक भी इस सम्मेलन में पहुंचे हैं। मंच का संचालन सुरेश चैधरी ने किया। महाकुंभ में विद्याधर चौधरी फुलेरा, केराम बगडिया, विजय पुनियां, उम्मेद सिंह ढूल, पूर्व विधायक रणवीर पहलवान, रामस्वरूप चैधरी तेजा फाउंडेशन, विरेन्द्र पुनिया, पूर्व आईजी महेन्द्र सिंह चैधरी, संगठन महामंत्री महेन्द्र सिंह ताराचंद चौधरी, पूर्व आरएएस जस्साराम, पूर्व आईजी बीआर गवाला, ईश्वर सिंह बुरडक, राजस्थान युवा जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप ढैवा, हवासिंह बुगालिया, भगत सिंह लोहागढ, कर्नल आरकेएस बीजारणियां, मदन चैधरी, खांगाराम चैधरी, संतोष सहारण, डॉ सुनील गर्सा, बीरबल गोवा, संदीप पुनियां, महेश मावलिया, बंशीधर गढवाल, टीम वंदे मातरम के संरक्षक दीनदयाल जाखड़, राहुल सिहाग, चेनाराम महिया, सहित कमेटी के अन्य लोग मौजुद थे।



## राजे की चिट्ठी लेकर पहुंचे पुत्र दुष्यंत सिंह

महाकुंभ में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के पुत्र और बारां-झालावाड़ सांसद दुष्यंत सिंह भी शामिल हुए। दुष्यंत सिंह वसुंधरा राजे का संदेश लेकर कार्यक्रम में आए थे। दुष्यंत सिंह को भाषण देने के लिए बुलाया गया, लेकिन तबीयत खराब होने का हवाला देकर उन्होंने बोलने से इनकार कर दिया। इसके बाद मंच से वसुंधरा राजे का संदेश पढ़कर सुनाया गया। राजे ने अपने संदेश में सालासर में देव दर्शन कार्यकगम में व्यस्त होने को नहीं आने का कारण बताया।

## जाट समाज से बने सीएम: डूडी

पूर्व नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता रामेश्वर डूडी ने जाट महाकुंभ मंच से जाट सीएम की मांग उठाई है। रामेश्वर डूडी ने कहा अभी नबंर वन सीट की बात हो रही थी। नंबर वन की सीट कौनसी है, नंबर वन की सीट मुख्यमंत्री की है। राजनीति के लोगों को यह बोलते हुए डर भी लगता है। रामेश्वर डूडी को डर नहीं लगता। आज मैं मांग करता हूं कि राजस्थान का आने वाला मुख्यमंत्री किसान का बेटा, जाट का बेटा होना चाहिए। डूडी ने कहा कि हमें गांव-गांव में तेजाजी के मंदिर बनाने चाहिए, तभी कुछ एकता हो पाएगी। जाटों को टांग खिंचाई की आदत छोड़नी चाहिए। अगर टांग खिंचाई नहीं छोड़ी तो तरक्की नहीं कर पाओगे। नंबर वन की कुर्सी तभी मिलेगी जब एक दूसरे की टांग खिंचाई करना बंद करेंगें।

## जाट समाज कभी अहसान फरामोश नहीं हो सकता: ओला

परिवहन मंत्री बृजेंद्र ओला ने कहा कि जाट समाज कभी अहसान फरामोश नहीं हो सकता। जाटों को आरक्षण दिलाने में कोई अगर किसी एक व्यक्ति का योगदान है तो वह है कर्नाटक के किसान नेता एचडी देवगौड़ा का देवगौड़ा ने आयोग बनाया। वे आयोग नहीं बनाते, रामुवालिया और कॉमरेड हरकिशन सिंह सुरजीत काम नहीं करते तो आपको कोई आरक्षण देने वाला नहीं था। गजट में छप गया था, लेकिन चुनावों की आचार संहिता लग गई और वह अटक गया। बाद में अटल बिहारी वाजपेयी ने उसे ढाई साल बाद लागू किया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।







स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com

# सांभरलेक पर्यटन नगरी में तीन दिवसीय होली महोत्सव परवान पर, भगवान नन्दकेश्वर की 15 सालों से चली आ रही परंपरा को निभा रहे लोग

गरीबो का सितारा

**सांभरलेक(सुनील कुमावत)।** पर्यटन नगरी सांभरलेक में इन दिनों तीन दिवसीय होली महोत्सव परवान पर है यहां के लोग फाल्गुन मास में भगवान शिव की भक्ति और उल्लास में डूबे है। राजस्थान पर्यटन विभाग और श्री नन्दकेश्वर सेवा समिति की ओर से इसका आयोजन किया जा रहा है दरअसल सांभर लेक कस्बे में 15 सालों से चली आ रही इस परंपरा को आज भी बखूबी निभाया जा रहा है। सांभर लेक कस्बे में आज भी यहां के लोग सदियों पुरानी परंपरा और संस्कृति को जीवित रखे हुए हैं आज भी यहां नाटक और खेल तमाशा के माध्यम से अपनी संस्कृति वेशभूषा से नई पीढ़ी को सीख दे रहे हैं। वहीं मेले में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाता है जहां विजेता टीमों को श्री नन्दकेश्वर सेवा समिति की ओर से नगद पुरस्कार और पारितोषिक देकर सम्मानित भी किया जाता है। वही होली के अगले दिन धुलंडी पर भगवान नन्दकेश्वर की विधिवत पूजा अर्चना के साथ सवारी निकाली जाती है जहां लोग इस नन्दकेश्वर की सवारी की पूजा अर्चना कर मनोकामनाएं मांगते हैं सदियों से चली आ रही इस परंपरा को बखूबी आज भी निभाया जा रहा है। यहां सांभरलेक ही नहीं दूर दराज और देश विदेश से भी लोग इस ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक मेले को देखने आते हैं।







## जिला प्रशासन संभालता है मेले में सुरक्षा व्यवस्थाए

सांभरलेक कस्बे में आयोजित ऐतिहासिक नन्दकेश्वर के मेले में सुरक्षा व्यवस्थाएं जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के द्वारा की जाती है मेले में दो दर्जन से ज्यादा पुलिस थानों के साथ अतिरिक्त पुलिस जाब्ता भी लगाया जाता है जो मेले में लोगों के लिए सुरक्षा व्यवस्थाएं बनाए रखते हैं साथ ही अलग-अलग टीमें बनाकर पूरे मेले को शांति और सौहार्द से संपन्न कराया जाता है। मेले से पूर्व ही मेले के रूट और व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाती है तो वहीं मेले में रोशनी और स्वच्छता को लेकर नगर पालिका के द्वारा व्यवस्था की जाती है तो वहीं मेले के दौरान रंग बिरंगी रोशनी और आतिशबाजी से कस्बा जगमगा उठता है।

## नन्दकेश्वर मेले के दौरान कई प्रतियोगिताएं और कार्यक्रम होंगे आयोजित

सांभरलेक कस्बे में श्री नन्दकेश्वर सेवा समिति की ओर से होली महोत्सव 2023 के तहत सोमवार को दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक ढोल एवं झांझ प्रतियोगिता पुराने एसडीएम कोर्ट में आयोजित की जाएगी जहां स्थानीय कलाकारों के द्वारा टीम बनाकर ढोल और झांझ की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी जाएगी। जहां निर्णायक कमेटी के द्वारा विजेताओं का चयन किया जाता है और उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाता है वही रात्रि में 8 बजे प्रसिद्ध ख्याति प्राप्त गणेश सिंह ग्रुप पार्टी के कलाकारों के गीदड़ एवं चंगढाप कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तो वहीं मंगलवार को प्रातः 11 बजे छोटा बाजार स्थित मेला स्थल से भगवान नन्दकेश्वर का मेला प्रारंभ होगा। जहा भगवान नन्दकेश्वर की सवारी की पूजा अर्चना के साथ निकलेगी जो कस्बे के छोटा बाजार, पुराना किला, मालियों का मोहल्ला, बड़ा बाजार, खटिकों की हथाई से गुजरेगी जहा जगह जगह पूजा की जाएगी। वही शाम को सवारी पुरानी धानमंडी पहुंचेगी। जहां पुष्प वर्षा के साथ भगवान नन्दकेश्वर का भव्य स्वागत किया जाएगा और रात 8 बजे वापस मेला स्थल सवारी पहुंचेगी। वहीं मेले के दौरान रंगोली प्रतियोगिताएं और विचित्र वेशभूषा और जीवंत झांकी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती है जिन्हें श्री नन्दकेश्वर सेवा समिति की ओर से विजेताओं का चयन कर सम्मानित किया जाता है।

## पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने किए रींगस भैरू बाबा के दर्शन



गरीबो का सितारा

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** प्रदेश की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया रींगस भैरू बाबा धाम पहुंचकर शीश नवाया और पूजा अर्चना कर देश व प्रदेश में खुशहाली की कामना की। पूर्व चिकित्सा मंत्री बंशीधर बाजिया, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विष्णु चेतानी सहित रींगस भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र भातरा ने पूर्व सीएम की अगवानी की। पंडित राकेश भातरा ने मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना करवाई। श्री भैरु जी महाराज मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने पूर्व सीएम को भैरव बाबा की महिमा बताकर स्वागत किया। इस दौरान भैरुजी मंदिर कमेटी अध्यक्ष हरिराम गुर्जर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष फूलचंद बाजिया, भाजपा युवा नेता राहुल बाजिया, एडवोकेट राजेंद्र बाजिया, एडवोकेट गिरिराज सिंह तंवर, एडवोकेट दीपक बाजिया, रोशन सितमका, ओमप्रकाश कोरखन्या सहित सैंकड़ों भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## होली व शुबेरात पर्व को लेकर सीएलजी बैठक का आयोजन



गरीबो का सितारा

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** पुलिस थाने में सीआई हिम्मत सिंह की अध्यक्षता में होली व शुबेरात पर्व को लेकर सीएलजी व शांति समिति सदस्यों की बैठक ली गई जिसमें सीएलजी सदस्यों को पुलिस का आईना बताते हुए अपराध नियंत्रण के लिए भी सुझाव मांगे गए। थानाधिकारी हिम्मत सिंह ने बताया कि होली व शुबेरात पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के साथ ही धार्मिक त्योहारों पर भाईचारा व सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। सीएलजी सदस्यों द्वारा बताए गए पॉइंटों पर लगातार पुलिस की निगरानी के साथ-साथ कड़ी नाकाबंदी की जाएगी और हुड़दंग करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। सीएलजी सदस्यों द्वारा बाबा श्याम के फाल्गुनी मेले में अच्छी पुलिस व्यवस्था के लिए पुलिस कप्तान करण शर्मा सहित स्थानीय पुलिस अधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया। इस दौरान कैलाश चंद छीपा, चिमनलाल गुप्ता, ओमप्रकाश शर्मा, बीएम चौधरी, गिरधारी लाल, ताराचंद कुमावत, बनवारी लाल आदि मौजूद थे।

## रींगस के शनि मंदिर में मनाया फागोत्सव



गरीबो का सितारा

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे के वार्ड संख्या 32 की आदर्श नगर कॉलोनी में स्थित श्री इच्छापूर्ण शनि मंदिर एवं बालाजी धाम पर रविवार को महिलाओं द्वारा फागोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें महिला श्रद्धालुओं ने मंगल गीत गाते हुए फाग गीतों की धुनों पर कदम थिरकाए। मंदिर पुजारी कैलाश चंद भृगुवंशी ने बताया कि महिला श्रद्धालुओं के द्वारा फाग उत्सव कार्यक्रम में एक-दूसरे के रंग गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी गई इसी के साथ देवी देवताओं के भजन गायन किए गए। मंदिर में विराजमान न्याय के देवता शनि महाराज, पंचमुखी हनुमान जी, लक्ष्मी नारायण, दुर्गा माता व शिव परिवार की मूर्तियों की विशेष सजावट की गई। कार्यक्रम में कस्बे सहित आसपास के गांवों से आई सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।

## हिंदू संगठन सदस्यों ने मनाया गया होली मिलन समारोह





गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** क्षेत्र के हाईवे स्थित शेरपुर ग्राम में अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेना कार्यालय पर रविवार को होली मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें विभिन्न हिंदू संगठन से कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूतेश्वर धाम पावटा के महंत रामानंद महाराज रहे। अपने उद्बोधन में बताया की सनातन संस्कृति के महत्व को समझे भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करना है। इस दौरान संजय चौधरी, मुकेश मीणा, सोनू सैनी प्रदेश मीडिया प्रभारी, हेमंत कुमार, संजय बंजारा, राम चरण, सुनील प्रवक्ता पार्षद जिला, बीजेपी अध्यक्ष उमेश भैया, अलवर सांसद बालक नाथ, जिला अध्यक्ष बलवान यादव, रामनिवास पंच, लालाराम पीटीआई, सुनील सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

एस आर के टैबलिंटन सीजन-8

# मिली जीत : कैरम में डॉ. वंदना गोधा बनी चैंपियन

### डॉक्टर्स के सबसे बड़े खेल महाकुम्भ में कैरम टीम के इवेंट एवँ ओपन वर्ग के फाइनल मैचेज खेले गए










गरीबों का सितारा

**जयपुर।** जयपुर डॉक्टर्स वेलफेयर सोसाइटी एवँ टैबलिंटन के चेयरमैन डॉ. सौरभ जैन ने बताया कि एस एम एस इंटरनेशनल स्टेडियम में कल डॉक्टर्स के सबसे बड़े खेल महाकुम्भ में कैरम के टीम इवेंट एवँ ओपन वर्ग के फाइनल मैचेज खेले गए। कैरम कॉऑर्डिनेटर डॉ. के के शांडिल्य के अनुसार टीम इवेंट वर्ग में अरिहंत स्ट्राइकर्स विजेता, वाईट्स केअर स्लैम उपविजेता रहे तथा आँगन मेडिनोवा एवँ आंजनेय ई एन टी हॉस्पिटल तृतीय स्थान पर रहे। क्वीन ओपन सिंगल्स में डॉ. वंदना गोधा विजेता, डॉ. मनीषा चावला उपविजेता तथा डॉ. अलका जैन एवँ डॉ. नीता भार्गव तृतीय स्थान पर रहे। कैरम कोऑर्डिनेटर डॉ. आशीष जैन ने बताया कि चैलेंजर ओपन वर्ग में डॉ. कमल अग्रवाल विजेता, डॉ. मणिकांत जैन उपविजेता, डॉ. सी पी सुथार एवँ डॉ. राजेश शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। चैलेंजर युगल वर्ग में डॉ नवीन सिमतवाल/डॉ. संकल्प अवस्थी विजेता, डॉ. बसंत गुप्ता/डॉ. विशाल गुप्ता उपविजेता तथा डॉ कमल अग्रवाल/डॉ. नफीस अहमद एवँ डॉ. विक्रम अरोड़ा/डॉ. मणिकांत जैन तृतीय स्थान पर रहे। कैरम कोऑर्डिनेटर डॉ. आशीष जैन ने बताया कि प्रो एकल वर्ग डॉ. सलीम राजा विजेता, डॉ. आलोक जैन उपविजेता तथा डॉ अमित जांगिड़ एवँ डॉ रेहनुद्दीन तृतीय स्थान पर रहे। प्रो युगल वर्ग में डॉ. अमित मित्तल/डॉ. अरुण परतानी विजेता, डॉ. सलीम रजा/डॉ. सूरज गवली उपविजेता रहे ।डॉ विवेक मित्तल/डॉ. नीरज भूटानी तथा डॉ. राम गुलाटी/डॉ. राजेश खुराना तृतीय स्थान पर रहे।

## घर को चोरों ने बनाया निशाना : समेट ले गए जेवरात-नगदी

गरीबो का सितारा





**वी.पी.मीणा, बहरोड़।** भागते हुए चोरों ने किया पथराव सीसीटीवी कैमरे में हुए कैद क्षेत्र के नांगल खोडिया ग्राम में बीती रात्रि शनिवार को चोरों ने घर में घुसकर जेवरात व नकदी सहित अन्य सामान चुरा ले गए। जानकारी देते हुए विकास कुमार पुत्र कुंवर सिंह ने बताया कि शनिवार रात को अज्ञात चोरों द्वारा घर में घुसकर चोरी कर ले गए रात्रि करीब 1 बजे बाहर उठकर गया एक व्यक्ति ट्रैक्टर की ट्रॉली के पास हाथ में लाठी और पत्थर लिए हुए खड़ा था। व्यक्ति को पागल समझते हुए पहले टोका तो उसने पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। घर के अंदर भागा और वहां पर एक डंडा लेकर बाहर आया। इसी दौरान मकान की छत पर दो व्यक्ति और खड़े थे उन्होंने भी पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। विकास जोर-जोर चिल्लाने लगा इसके अलावा मकान के अंदर भी कुछ लोग थे जो पत्थर फेंकते हुए भाग गए। कुछ दूरी पर खड़ी हुई एक कैंपर गाड़ी में बैठ कर चोर भाग गए जिसके बाद विकास अपने पड़ोस में ताई के मकान पर गया यहां देखा कि मकान के अंदर कमरों में पूरा सामान बिखरा हुआ है और एक कमरे की बाहर की कुंडी लगी हुई है। यहां से चोर सोने-चांदी के जेवरात और 10 हजार रुपए की नकदी चुरा ले गए। सीसीटीवी में कैद हुई कैंपर गाड़ी से भागते हुए चोरों की तस्वीर मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। चोरी की सूचना के बाद थाना अधिकारी वीरेंद्र पाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने मौका मुआयना किया और मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे फोटो देखें इस संबंध में विकास कुमार ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई ।शिक्षा विभाग में एलडीसी के घर हुई चोरी चित्तौड़ से निंबाहेड़ा में शिक्षा विभाग में एलडीसी के पद पर कार्यरत विवेक कुमार यादव के घर में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया विवेक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा है उसके पिता शेर सिंह यादव की मौत हो चुकी है उसकी पत्नी अपने पीहर हरियाणा के रेवाड़ी गई हुई थी घर पर विवेक कुमार की 70 साल की बुजुर्ग मां सुमेर देवी और करीब 6 साल का था।

## स्काउट गाइड के विभिन्न शिविरों का हुआ समापन

गरीबो का सितारा

**गुरला बद्री लाल माली।** भीलवाडा राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ भीलवाड़ा के तत्वावधान में स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र सांगानेरी गेट पर आयोजित हो रहे द्वितीय तृतीय सोपान स्काउट गाइड तृतीय चतुर्थ चरण कब बुलबुल प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का आज समापन हुआ। सहायक लीडर ट्रेनर (स्काउट) एवं सचिव स्थानीय संघ प्रेम शंकर जोशी के अनुसार शिविर प्रभारी अशोक कुमार शर्मा, संगीता व्यास, शिवप्रसाद धोबी के नेतृत्व में स्काउट गाइड बालकों को शिविर कला , प्राथमिक चिकित्सा, पायनेरी ?ग ,अनुमान लगाना, नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत, प्रार्थना, राष्ट्रगान, शिविर ज्वाल आदि विषयों का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं जांच की गई। शिविर में रामनिवास शर्मा, समर्थ कुमावत, सरोज शर्मा, हरीश कुमार पवार ,मधुबाला यादव, अमर ज्योति, कुसुम लता सुखवाल, सुभाष जोशी, संगीता नेहरिया , सलीम रजा के नेतृत्व में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुभाष नगर, रीछड़ा, बड़ा महुआ, राजेंद्र मार्ग, बापुनगर, कल्याणपुरा, मालोला, गुलमंडी ,से.मु.मा. बालिका विद्यालय, कुडोज किड्स स्कूल, सैंट एंसेल्म स्कूल, के लगभग 250 स्काउट, गाइड, कब, बुलबुल ने भाग लिया।

ब्यावर शहर के नाम को भी किया गौरवान्वित

दर्जनों अवार्ड से सम्मानित , लिम्का बुक अवार्ड से भी है अभिनंदित

# कोइन किंग के नाम से लोकप्रिय है भाई श्याम सुंदर सधनानी

## पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने भी सधनानी की मुक्त कंठ से प्रशंसा की

गरीबो का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** वैसे देखा जाए तो इस चराचर युग में कोई भी व्यक्ति अपने निष्काम कर्म की बदौलत ऊंचाई के चरम बिंदु पर पहुंच ही जाता है निसंदेह कलमकार का दृष्टांत आज एक ऐसे व्यक्ति की ओर संकेत कर रहा है जिन्होंने अपने निष्काम कर्म से ऊंचाइयों के शिखर रूपी ताज से तिरोहित हुए हैं साथ ही अपने नाम के साथ अपने शहर के नाम को भी गौरवान्वित किया है बिल्कुल लेखनी का संकेत निष्काम कर्म के धनी भाई श्यामसुंदर सधनानी की ओर है जिन्होंने अपनी कर्मस्थली से एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है जिसकी बदौलत स्वयं के नाम के साथ शहर का नाम भी गौरवान्वित किया है प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिन पूर्व राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने ब्यावर के श्यामसुंदर सधनानी को लार्जेस्ट कलेक्शन ऑफ कोईन के सर्टिफिकेट का लोकार्पण किया साथ ही श्याम सुंदर के इस अद्भुत शौक की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है जानकारी के अनुसार पेशे से बर्तन व्यवसाई श्याम भाई को विद्यार्थी जीवन से ही सिक्के के प्रति लगाव रहा है 35 वर्षो के अथक मेहनत एवं प्रयासों के परिणाम स्वरूप उन्होंने विश्व भर के 515 देशों के नए पुराने सिक्के एकत्रित कर अपना नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज करवाया है श्याम भाई ने प्राचीन से नूतन तक अद्भुत सिक्कों का कलेक्शन किया है इनके कलेक्शन में एलेक जेंडर , नेपोलियन बोनापार्ट ,जॉर्ज वाशिंगटन, नेल्सन मंडेला, रानी एलिजाबेथ, अकबर बादशाह सहित कई मुगल बादशाह, रोमन,यूनान सभ्यता के सिक्के शामिल है। ब्रिटिश इंडिया के द्वारा जारी एक,दो,पांच, दस व सौ रुपए के नोट एवं भारत सरकार द्वारा जारी किए गए स्मारक सिक्के जो 25, 50, 60, 100, 125, 150, 200, 400,500, 550 ?,1000 रुपए वर्ग मूल्य के सिक्के इनके कनेक्शन के शोभा बढ़ाते हैं ।







### सिक्कों के कई रिकॉर्ड में नाम दर्ज

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्याम भाई का सिक्कों के कई रिकॉर्ड में नाम इंद्राज है जैसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड ,गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड , एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड साथ ही वर्ष 2014 में श्याम भाई उपखंड स्तर पर तथा वर्ष 2016 में जिला स्तर पर भी सम्मानित हो चुके है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# अंतराष्ट्रीय होली महोत्सव 2023 कैमल शो का हुआ आयोजन





गरीबों का सितारा

**अजमेर/ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** अंतराष्ट्रीय होली महोत्सव 2023 के अंतर्गत रविवार को मेला मैदान में कैमल शो का आयोजन किया गया।राजस्थान पर्यटन विकास निगम द्वारा पुष्कर की होली को वैश्विक स्तर का दर्जा दिलाने के लिए आयोजित हो रहे अंतराष्ट्रीय होली महोत्सव में रविवार को ऊष्ट्र शो का आयोजन किया गया।इसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। ऊष्ट्र परेड में 32 ऊट गाडियों ने भाग लिया। परेड में कच्ची घोड़ी और कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति हुई। उष्ट्र परेड में रोबिलो एयरपोर्ट की स्क्वाड्रन लीडर पूनम, शहनाई वादक, उष्ट्र श्रृंगार अशोक टांक, लोक वाद्य नगाड़ा का वादन, कैमल सफारी, दिव्यांग विद्यार्थियो तथा विदेशी सैलानियों ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। उष्ट्र श्रृंगार प्रतियोगिता में 10 प्रतिभागियों ने अपने ऊटो के साथ भाग लिया। इसमें सेवदड़ सीकर के विजेंद्र सिंह को प्रथम पुरस्कार के साथ में 5 हजार रूपए, चावंडिया के अशोक पंवार को द्वितीय पुरस्कार के साथ में 3 हजार रुपए तथा गनाहेड़ा के श्री मोहन सिंह को तृतीय पुरस्कार के साथ में 2 हजार की राशि जीती कार्यक्रम में उष्ट्र नृत्य की संगीतमय प्रस्तुति की गई। इसमें 7 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें मनवोचित नृत्य, करतब, हैरतंगेज कारनामे, ऊट और पालक का आपसी प्रेम, समझ, केमिस्ट्री तथा हामोर्नी, का प्रदर्शन किया। प्रतियोगी ऊटों ने गणमान्य व्यक्तियों का मालार्पण भी किया। प्रथम को 8 हजार, द्वितीय को 7 हजार तथा तृतीय को 6 हजार के साथ पुरस्कार दिया गया। प्रथम स्थान पर प्रभु सिंह, द्वितीय स्थान पर मांगीलाल तथा तृतीय स्थान पर धर्मेन्द्र रहे। इसी प्रकार ढोलामारू प्रतियोगिता में दिनेश और मोरमा सपेरा प्रथम, प्रतीक वामन और पायल वामन द्वितीय तथा जवान नाथ एवं सेहरा सपेरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया मेला मैदान में उष्ट्र पोलो खेल भी खेला गया। यह खेल प्रशासन तथा पर्यटको के दलों के मध्य हुआ। प्रशासन के दल में पुलिस महानिरीक्षक रुपिंदर सिंह , जिला कलक्टर अंश दीप, पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट एवं पशुपालन विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. नवीन परिहार तथा पर्यटकों के दल में प्रतीक वासन, स्क्वाड्रन लीडर श्रीमती पूनम, निशांत वासन एवं पल्लव कुक्रेति थे। यह मैच टाई रहा।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



गरीबों का सितारा

**सीकर।** श्रीमाधोपुर कस्बे के हंसराज कुड़ी के जन्मदिन के अवसर पर निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया दिनेश चौधरी(सिहोड़ी) ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर माधव सिंह एम एस हॉस्पिटल श्रीमाधोपुर, डॉक्टर मंगल यादव गीतांजलि हॉस्पिटल अजीतगढ़ ,मोहर सिंह खर्रा निर्देशक महात्मा गांधी महाविद्यालय श्रीमाधोपुर , खंडेला कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष मील भागीरथ मल चोपड़ा, समाज सेवी सुनील यादव श्रीमाधोपुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में धारिका कैरियर इंस्टिट्यूट श्रीमाधोपुर के निर्देशक मनोज भालोटिया, वीर तेजा सेना तहसील अध्यक्ष महेंद्र कुड़ी, वीर तेजा सेना जिला मंत्री भोलाराम दूत,महेश कुड़ी, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ.माधव सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में ऐसे सामाजिक कार्यों से आर्थिक स्थिति से कमजोर व्यक्तियों को सहारा मिलता है ऐसे सहरानीय कार्य से श्रीमाधोपुर की जनता के लिए एक नया संदेश जाएगा डॉक्टर मंगल यादव ने बताया कि वर्तमान समय में यदि ऐसे ही सामाजिक कार्यों के साथ युवा आगे बढ़ता है तो समाज का सामाजिक व आर्थिक विकास सुदृढ़ होगा महात्मा गांधी महाविद्यालय श्रीमाधोपुर के निर्देशक मोहर सिंह खर्रा ने बताया कि हंसराज महाविद्यालय से पढ़ा हुआ छात्र है मैं हंसराज को धन्यवाद देता हूं की आज श्रीमाधोपुर तहसील में अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर यह पुण्य कार्य करके लोगों में एक नया संदेश दीया है साथी धारिका कैरियर इंस्टिट्यूट के निदेशक मनोज भालोटिया ने बताया कि आज के इस कार्यक्रम को देखकर लोगों में नए विचार उत्पन्न होंगे महेश कुड़ी ने बताया कि निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का प्रारंभ प्रातः 9:15 किया गया और 2:00 बजे तक यह कार्यक्रम चला जिसके अंतर्गत सैकड़ों मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया शिविर के अंतर्गत अनेक प्रकार की आंखों से संबंधित जांचें की गई वह निशुल्क दवा उपलब्ध करवाई गई यह कार्य नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.डीके तिवारी रिद्धि आई केयर हॉस्पिटल जयपुर डॉ.मनोज अग्रवाल मनुश्री हॉस्पिटल जयपुर डॉ.चंद्रकला शर्मा सिद्धि आई केयर हॉस्पिटल जयपुर के द्वारा सेवाएं दी गई कार्यक्रम मे अनेक जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे सूरजभान मीणा साधुराम कुड़ी संदीप शर्मा बीरबल नटवर्या श्याम समोता रिजवान खान संजीव बिजारणि तथा सैकड़ों व्यक्ति उपस्थित रहे।

# डॉ अमित वर्मा को बेस्ट मीडिया एजुकेटर अवार्ड इन मीडिया रिसर्च 2023 के अवार्ड से नवाजा

गरीबों का सितारा






**जयपुर।** मणिपाल विश्वविधालय के पत्रकारिता एंव जनसंचार विभाग, ऑनलाइन शिक्षा निदेशालय के सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर एंव जर्नल ऑफ कम्युनिकेशन एंड मेनेजमेंट के एडीटर इन चीफ डॉ अमित वर्मा को मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा 17वें मीडिया एक्सीलेंस अवाड्र्स में बेस्ट मीडिया एजुकेटर अवार्ड इन मीडिया रिसर्च 2023 के अवार्ड से नवाजा गया। गौरतलब है कि डॉ वर्मा पिछले 10 वर्षो से मीडिया शिक्षण एंव रिसर्च से जुडे हुये है। उनके 15 से अधिक रिसर्च पेपर यूजीसी, स्कॉपस, वेब ऑफ साइंस के जर्नलस में प्रकाशित हुये है। इसके अलावा वें कई जर्नलस में रिव्यूवर के तौर पर षामिल है। करीब दो वर्ष पूर्व ही डॉ अमित वर्मा नें अपना पी.एच.डी रिसर्च भी राजस्थान के सामुदायिक रेडियो पर किया था, जो कि राजस्थान की सभी सामुदायिक रेडियो का पहला तुलनात्मक अध्ययन था। कार्यक्रम में सुश्री ओल्गा डाइचेवा, भारत प्रमुख, स्पुतनिक रूस, श्री संजय जी दिल्ली पुलिस, एमएफआई अध्यक्ष अण जी, सचिन बत्रा जी, अरुण भगत जी, बीके कुथियाला जी और कई अन्य मीडिया जगत के प्रतिनिधियों ने पुरस्कार समारोह की शोभा बढ़ाई।

# आम मुस्लिम समाज द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 107 रक्त हुआ संग्रहित, मंत्री गुर्जर ने किया शिविर का अवलोकन

गरीबों का सितारा



**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** स्थानीय आम मुस्लिम समाज के तत्वाधान में पीड़ित मानवता की सहायतार्थ और सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य से आला हजरत सराय में छठे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 107 रक्त संग्रहित हुआ! राज्य मंत्री धीरज गुर्जर ने शिविर का अवलोकन किया व मुस्लिम सराय में वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया! सलीम मो. ठेकेदार द्वारा राज्य मंत्री धीरज गुर्जर को फलों से तोला गया! शिविर में युवाओं और महिलाओं ने पहली बार रक्त दान किया। शिविर में रामस्नेही भीलवाड़ा की टीम ने रक्त संग्रहित किया। 55 वर्षीय जामा मस्जिद सदर शाकिर नूरी ( पप्पू भाई )ने रक्तदान कर युवाओं के लिए प्रेरक बने। कई परिवार में से एक से अधिक मतदाताओं में रक्तदान किया' शिविर संयोजक मोहम्मद रईस कुरैशी ने बताया इस शिविर में मुख्य अतिथि धीरज गुर्जर बीज निगम अध्यक्ष राज्य मंत्री राजस्थान सरकार एवं राष्ट्रीय सचिव ऑल इंडिया कांग्रेस एवं अध्यक्षता सुमित काल्या पालिका चेयरमैन,शिविर में विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति प्रधान कृष्णा सिंह राठौड़ व पूर्व चेयरमैन धनराज गुर्जर , पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मी लाल धमानी, पार्षद रामदेव खारोल, महावीर लड्डा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष केदार लाल बेरवा सहित गणमान्य लोगों ने रक्त दाताओं सलमा बानो सिमरन बानू सहित सभी रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र उपहार देकर सम्मानित किया।इस दौरान जामा मस्जिद सदर साकिर भाई कुरेशी, सदर इलियास भाई कुरेशी, हाजी अब्दुल गफ्फार, अब्दुल सत्तार मंसूरी, मौलाना मुमताज कादरी, समाजसेवी सलीम भाई कुरेशी एस आर एल ग्रुप, शिविर संयोजक मोहम्मद रईस भाईकुरेशी, शिविर प्रभारी एडवोकेट शरीफ मोहम्मद गोरी, शेर मोहम्मद,उमेद खान कायमखानी, प्रधानाध्यापक सत्येंद्र गर्ग, मोहम्मद जाकिर रंगरेज,मास्टर अखत्यार अली,वफात मोहम्मद, सलीम मो., एडवोकेट विनोद, एडवोकेट यूनुस,मोहम्मद हुसैन लोहार,समाज के लोगों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

# जय मां सरस्वती विद्या सदन साइंस स्कूल में धूमधाम से मनाया गया विदाई समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

गरीबों का सितारा



**बस्सी (रामफूल मीणा)।** रविवार को बस्सी नगरपालिका क्षेत्र के जय माँ सरस्वती विद्या सदन साइंस स्कूल के कक्षा 12 के विद्यार्थियों के विदाई समारोह और प्रतिभा सम्मान समारोह बस्सी के नानगी पैलेस गार्डन में बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस दौरान संस्था निदेशक के.एम.जांगिड़,संस्थापक रामबाबू जांगिड़,सचिव मंजू जांगिड़ ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साइंस पब्लिकेशन जयपुर के संस्थापक एल.एल अग्रवाल रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता जयपुर ग्रेटर नगर निगम के उपायुक्त श्यामलाल जांगिड़ ने की और इस अवसर पर संस्था द्वारा वर्तमान सत्र के कक्षा 12 वीं विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियो को माला पहनाकर एवं ग्रुप फोटो एवं पेन भेंटकर विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान संस्था निदेशक ने बताया की गत सत्र 2021-22 के 90 प्रतिशत और इससे अधिक प्राप्तांक वाले विद्यार्थियो को लैपटॉप,टेबलेट, स्मार्ट वॉच और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया और बेहतर परीक्षा परिणाम देने वाले लेक्चरर्स को भी 1100 रुपए नगद,फाइल फोल्डर,सरस्वती की फोटो और साफा पहनाकर सम्मानित किया गया और इस दौरान मुख्य अतिथि और अध्यक्ष महोदय ने कक्षा 12 के विद्यार्थियो को बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम देने के लिए तनावमुक्त और पूर्ण मनोयोग से पढ़ाई करने के बारे में जानकारी दी और निदेशक के.एम.जांगिड़ ने बच्चों को संस्कारों के साथ एक अच्छा नागरिक बनने, बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर अंक लाने के टिप्स बताए और अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव बच्चों के साथ साझा किए।कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थियो के द्वारा मोबाइल के दुष्परिणाम,पिटीएम ड्रामा नाटक और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महेश गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माधोगढ़ ,आसाराम चौधरी,अभिषेक चौधरी,अवधेश उपाध्याय रहे और अन्य अतिथियों में गोपाल लाल जांगिड़ कानोता,मदन लाल जांगिड़ रहे और संस्थापक रामबाबू जांगिड़ और के. एम.जांगिड़ के द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों को माल्यार्पण,सरस्वती मां की फोटो और साफा बंधवाकर सम्मानित किया गया और इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ कैलाश पिंगोलिया,हनुमान शर्मा,निरंजन शर्मा,राकेश भारद्वाज,रजनीश चौधरी,सुनील शर्मा,अमित जांगिड़,सोहनलाल मीना, छगन मीना,राजेश मीना,नरेंद्र शर्मा एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कैंसर के प्रति जागरुकता पैदा करने के लिए महिला कार रैली आयोजित

## 300 से अधिक महिलाओं ने लिया भाग



## दिवास ऑन व्हील्स कार्यक्रम का आयोजन किया



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी, जयपुर में आज रविवार को ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाने के मिशन के साथ 'दिवास ऑन व्हील्स' नामक महिला कार रैली का आयोजन किया। यह रैली इंटरनल हॉस्पिटल जवाहर सर्किल से शुरू होकर अजमेर रोड स्थित जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी कैंपस में आकर संपन्न हुई, इस रैली की शुरूआत कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने की। रैली का उद्देश्य ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर की जल्द पहचान और रोकथाम के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। शहर भर से लगभग 300 महिला ड्राइवरों ने रैली में भाग लिया, सड़कों पर अपनी कारों को चलाकर, स्तन और सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने वाले बैनर और नारे प्रदर्शित किए। रैली में 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं को भाग लेने की अनुमति थी। यह कार्यक्रम इटरनल हॉस्पिटल और एकेएस ग्रुप के सहयोग से आयोजित हुआ। यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. अर्चना शर्मा ने महिला सशक्तिकरण के बारे में बताया और जेकेएलयू द्वारा महिला सशक्तीकरण के उत्थान के लिए किए प्रयासों की सराहना की। समारोह को संबोधित करते हुए जेके लक्ष्मीपत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर धीरज सांघी ने कहा कि स्तन और सर्वाइकल कैंसर दुनिया भर में महिलाओं को प्रभावित करने वाले कैंसर के सबसे आम प्रकार हैं। सफल उपचार के लिए शुरूआती पहचान और रोकथाम महत्वपूर्ण हैं। महिला कार रैली एक अनूठी पहल है जिसका उद्देश्य नियमित जांच, आत्म-परीक्षा और इन कैंसर का जल्द पता लगाने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि जागरुकता की कमी के कारण महिलाओं में कैंसर के ज्यादातर मामले देरी से सामने आते हैं। यूनिवर्सिटी के चीफ एचआर एंड एडमिन एसआर पांडे ने कहा, भारत में कैंसर का बोझ लगातार बढ़ रहा है। यूनिवर्सिटी के हेड स्टूडेंट अफेयर्स दीपक सोगानी ने बताया कि ने इस पूरे कार्यक्रम की तैयारी यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों की ओर से की गई। कार्यक्रम के अंत में जयपुर की 30 महिला उद्यमियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# शिक्षावेली इंटरनेशनल स्कूल बस्सी में मनाया कक्षा 10 का विदाई समारोह

गरीबों का सितारा

**बस्सी (रामफूल मीणा)।** रविवार को बस्सी नगरपालिका क्षेत्र में शिक्षावेली इंटरनेशनल स्कूल बस्सी में कक्षा 10 के विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया इस दौरान विधालय के मैनेजिंग डायरेक्टर मुकूट बिहारी शर्मा ने बताया कि कक्षा 10 का विदाई समारोह हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य आयोजन के साथ मनाया गया है सबसे पहले कक्षा 10 के विधार्थियों के तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया और इस दौरान मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं एसटी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष उर्मी करोल का विधालय के निदेशक के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया और इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतिया देकर सबको मनमोहित कर दिया और इस दौरान विधालय प्राचार्य पूजा शर्मा ने सभी विधार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना कि और सभी छात्र छात्राओं को एक सफल इंसान के रूप में अनुशासित रहते हुए एक अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया और इस दौरान विधालय के विधालय छात्र छात्राओं सहि सम्पूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।



# श्री शुभम प्राकृतिक चिकित्सालय में 67 रोगीयों के रजिस्ट्रेशन के बाद इलाज हुआ शुरू

गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** स्थानीय श्री शुभम सेवा संस्थान में 67 रोगीयों के रजिस्ट्रेशन के साथ प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से इलाज हुआ शुरू! श्री शुभम प्राकृतिक चिकित्सालय में श्री रामेश्वर लाल श्रीमती सीता देवी तोषनीवाल चित्तौड़गढ़ वालों के सहयोग एवं भारत विकास परिषद शाखा गुलाब पूरा के तत्वाधान में चिकित्सा शिविर शुरू हुआ ! इस शिविर में राष्ट्रीय माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष राजकुमार काल्या तथा भारत विकास परिषद के संरक्षक सत्यनारायण अग्रवाल तथा लाभार्थी मनोज कुमार ओमप्रकाश तोषनीवाल तथा पूर्व विधायक रामलाल गुर्जर व मनसुख लाल गुर्जर के आतिथ्य में शिविर का शुभारंभ हुआ ! संस्थान के मंत्री अनिल चौधरी ने बताया कि इस शिविर में 67 मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन करा कर प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति द्वारा डॉ पार्थिव जोशी व डॉ अर्चना जोशी द्वारा घुटनों का कमर का गर्दन का दर्द एसिडिटी कब्ज मोटापा डायबिटीज ब्लड प्रेशर आदि का इलाज प्रारंभ किया भारत विकास परिषद के संरक्षक सत्यनारायण अग्रवाल ने प्राकृतिक एवं योग चिकित्सा पद्धति को अपने जीवन में अपनाने को कहा! इस शिविर में नजर के चश्मे एवं कम सुनने वालों को कान की मशीनें तथा छड़ी वह विभिन्न संस्थानों को व्हीलचेयर कमोड चेयर नी कैप तथा एवं अन्य कई उपयोगी सामानों का वितरण किया गया, जीएन वर्ल्ड के नरेश छतवानी ने चश्मों का नंबर निकाल कर चश्मे बनाएं तथा शुभम सेवा संस्थान के संरक्षक पुरुषोत्तम नवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया, राजकुमार काल्या ने सभी संगठनों को सेवा से जुड़ने का आह्वान किया, यह शिविर 7 मार्च तक चलेगा।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।